तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 10 जनवरी 2024



11 देश में गौहत्या भारत की माटी पर कलंक : निरंजन महाराज





12 पुल के अभाव में ग्रामीण जान जोखिम में डालकर...






## खबर संक्षेप

### गोरकापार-चीचा में कल लगेगी मड़ई

अंडा। ग्राम पंचायत गोरकापार (चीचा) में मड़ई मेला का आयोजन कल 11 जनवरी दिन गुरूवार को रखा गया है। बाजार ठेकेदार भीखम प्रधान ने बताया कि इस मंडाई मेला के अवसर पर रात्रि 10 बजे लथमर्रा डोंगरगढ़ वालों का छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### ओडारसकरी में 13 से होगा मानसगान

अंडा। शान्ति निकेतन युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी ओडारसकरी के तत्वावधान में 13 जनवरी से दो दिवसीय मानसगान का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन में मुख्य अतिथि अनिल सोनी जनपद सदस्य गुण्डरदेही, अध्यक्षता केशर निर्मलकर सरपंच ग्राम पंचायत ओड़ारसकरी, विशेष अतिथि जे. आर. सिन्हा, चेतन यादव, एस. आर. सिवना समिति प्रबंधक सेवा. सह. ओड़ारसकरी, नरेन्द्र यादव, विजय यादव, मिलाप ठाकुर, कामता सिन्हा, विजय सिन्हा (चीचा), केमीन सिन्हा, सुश्री रमा मरावी उपस्थित रहेगें। इसी तरह समापन में मुख्य अतिथि व्ही.एस. मरकाम अध्यक्षता सी.एल. देवांगन,विशेष अतिथि डोमन ठाकुर, अमरलाल सिन्हा, बुधरू ठाकुर, दुमन देशमुख, सेवक देवांगन, आर. एस. यादव शंकर सिन्हा, महेश धनकर, सुकदेव देवांगन सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहेगें। यह जानकारी गिरधारी लाल सिन्हा ने दी।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में जिले के पांच निकायों का चयन

बालोद। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान की जाने वाली विभिन्न पुरस्कारों के लिए बालोद जिले के 5 नगरीय निकायों के अंतर्गत नगर पालिका बालोद एवं दल्लीराजहरा सहित नगर पंचायत गुण्डरदेही, अर्जुंदा एवं चिखलाकसा का चयन किया गया है। इन सभी चयनित नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को 11 जनवरी 2024 को भारत मण्डपम कन्वेंशन सेंटर, आईटीपीओ नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अपने कक्ष में जिले के चयनित 05 नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से भेंट कर इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद सुनील अग्रहरि सहित अन्य सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारीगण उपस्थित थे।

### राज्यस्तरीय मानस महोत्सव में डिप्टी सीएम साव होंगे शामिल

गुरूर। ग्राम पलारी में मानस प्रचार समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में 12 से 14 जनवरी तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय संगीतमय मानस महोत्सव, व्याख्यान माला महाकुंभ का आयोजन किया गया है। जहां 24 से अधिक मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रोशन उपाध्याय, अध्यक्षता पूर्व डीएसपी समाज सेवी अरकार सुभाष चौधरी करेंगे। विशेष अतिथि मन्नू लाल साहू, नरेंद्र साहू, मंत्री जिला भाजपा नरेश साहू, सरपंच रामसिंग मार्कण्डेय, योगेंद्र कुमार साहू, खेमलाल देवांगन उपस्थित रहेंगे। 13 जनवरी शनिवार को उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ अरुण साव, सांसद कांकेर मोहन मंडावी, राजेश अग्रवाल, अनिल दुबे, यशवंत जैन, राकेश यादव, कौशल साहू, डॉ. राकेश साहू होंगे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक उत्तर रायपुर पुरेंद्र मिश्रा होंगे। अध्यक्षता विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा करेंगी। विशेष अतिथि बिरेश ठाकुर, राम प्रताप सिंह, सभापति जिला पंचायत बालोद केदार देवांगन, प्रभात ध्रुव बसंत कुमार सोनबेर होंगे। 14 जनवरी को रात्रि मे छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृति संस्था रंग झरोखा कार्यक्रम रखा गया है।

# स्कूलों में बच्चों का मध्यान्ह भोजन शुरू रसोइयों का चार माह का भुगतान अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के शासकीय स्कूलों में बच्चों को मध्यान्ह भोजन फिर से मिलना शुरू हो गया है। संचालकों द्वारा राशन की व्यवस्था और रसोइयों द्वारा खाना बनाने का कार्य एक बार फिर से स्कूलों में शुरू हुआ है, क्योंकि शासन से राशि प्राप्त हो चुका है।

- रसोइयों को मानदेय राशि विगत चार माह से नहीं मिली

हालांकि चार माह की राशि नहीं मिली है, लेकिन जितनी राशि मिली है उसे लेकर संचालको और रसोइयों को राहत मिली है और उनके चेहरे में खुशी साफ देखने को मिल रही है। वहीं बची हुई राशि जल्द प्राप्त होने की उम्मीद की जा रही है।

ज्ञात हो कि जिले के शासकीय स्कूलों में बच्चों को मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने 1200 से अधिक संचालक समूह हैं, जिनके द्वारा राशन खरीदकर स्कूलों में रसोइयों को दिया जाता है। वहीं 2600 से अधिक रसोइयों द्वारा मध्यान्ह भोजन तैयार किया जाता है। संचालकों को मटेरियल कास्ट की राशि और रसोइयों को मानदेय राशि विगत चार माह से नहीं मिला है, जिसको लेकर कई बार आवेदन पत्र सौंप चुके थे।संचालकों द्वारा राशन सामग्री उधार लेकर मध्यान्ह भोजन बनाया जा रहा था, जिसके कारण वे कर्ज में लदे हुए थे।

### शासन ने जारी की 1 करोड़ 4 लाख 14 हजार की राशि



#### मटेरियल कास्ट के नाम पर भुगतान

संचालकों और रसोइयों द्वारा किये गए हड़ताल के बाद स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बंद हो गया, जिसके बाद शासन स्तर से इन्हें राहत पहुंचाने संचालकों को मटेरियल कॉस्ट के नाम से 1 करोड़ 4 लाख 14 हजार रुपये भुगतान किया गया है। वहीं रसोइयों को चार माह का मानदेय राशि बकाया है, जिसमें से उन्हें दो माह की राशि 1 करोड़ 21 लाख 85 हजार रुपये भुगतान किया गया है।

## एसपी का आदेश : हर माह थाना पहुंचकर दर्ज कराएं हाजरी

# पुलिस ने भी माना शहर में नए गुण्डे-बदमाश हो रहे लगातार सक्रिय, मुख्य वजह नशाखोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कोतवाली थाना में अब हर महीने गुंडे बदमाश हाजिरी लगाने पहुंचेंगे। एसपी जितेंद्र यादव के निर्देशानुसार थाना प्रभारी द्वारा गुंडे-बदमाशों व नए गुंडों की निगरानी के लिए रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

- अपराधों पर लगाम कसने नए बदमाशों की कुंडली भी हो रही तैयार

कोतवाली पुलिस ने सोमवार को दर्जन भर गुंडे-बदमाशों की फाइल खोली और सभी को थाना बुलाकर समझाइश दी। पुलिस द्वारा हर महीने इनकी परेड लेने का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने और अपराधिक घटनाओं पर लगाम कसना है। कोतवाली थाना में पहुंचे गुंडे-बदमाशों को अपराध से दूर रहने की समझाइश दी गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव के द्वारा जिले के गुंडे बदमाशों को थाना तलब कर अपराध से दूर रहने समझाइश हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारीयों और थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशन पर सभी अधिकारीयों ने अपने अपने थाना क्षेत्रें के गुंडे निगरानी बदमाशों को थाना हाजिरी बुलाकर उनकी परेड ली। इस नए साल पर उनको समझाया गया कि वे अपराधों से दूर रहकर शांतिपूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें और जिला बालोद पुलिस के द्वारा हर महीने बुलाने पर संबंधित थाना में आकर अपनी उपस्थिति देवें।

### नए-पुराने बदमाशों के रिकार्ड खंगाले जा रहे



#### अवैध शराब, गांजा की खुलेआम बिक्री

गुंडे-बदमाशों की हर महीने हाजिरी लेकर परेड करने की बात कहते हुए पुलिस प्रशासन ने यह भी माना कि नए गुंडे बदमाश सक्रिय हो रहे हैं, क्योंकि पुलिस के अनुसार पुराने गुंडे-बदमाशों के साथ नए गुंडे बदमाशों की फाइलें भी खुल रही है। क्षेत्र में नए-नए गुंडे-बदमाश अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं, इसका मुख्य कारण नशा ही है। शहर के जवाहरपारा, पाण्डेपारा, संजय नगर, पुराना बस स्टैंड के आसपास इन इलाकों में अवैध शराब और गांजे की बिक्री होने का आरोप है। कम उम्र के लड़के भी इस नशे के आदी हो रहे हैं, जिसके कारण आपराधिक घटनाओं में भी इनकी संलिप्तता रहती है। ऐसे में नशे के कारोबार पर भी लगाम कसने की जरूरत है।

# 2 वर्ष की मासूम बच्ची से अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

मंगचुवा थाना पुलिस ने 2 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



पुलिस सूत्रों ने बताया कि 8 जनवरी को एक प्रार्थीया ने शिकायत दर्ज कराया कि घटना दिनांक 31 दिसंबर 23 को प्रार्थी की 2 वर्षीय पुत्री घर में सोई हुई थी। इसी दौरान घर का ट्रेक्टर चालक यशवंत भुआर्य आया और मेरी बच्ची को जबरन उठाकर जंगल के तरफ ले गया। प्रार्थीया ने तथा उसके जेठ ने भी बच्ची को ले जाने के लिए मना किया, मगर आरोपी परिचित होने का फायदा उठाकर बच्ची को ले गया। थोड़ी ही देर में बच्ची के रोने की आवाज सुनकर प्रार्थीया बाड़ी की ओर गई तो आरोपी यशवंत कुमार भुआर्य अपने शरीर से निकाले हुए लोवर को पहन रहा था। उसके बाद फिर बच्ची को पकड़कर घर में लाकर लेटा दिया तथा घर से भाग गया।

प्रार्थीया ने बेटी के शरीर की जांच की। असामान्य दिखने पर यशवंत भुआर्य द्वारा बच्ची के साथ गलत काम प्रतीत हुआ। एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम ने आरोपी यशवंत उर्फ अश्वन कुमार भुआर्य पिता नेतनराम भुआर्य 24 वर्ष निवासी ग्राम कमकापार थाना मंगचुवा जिला बालोद को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर ज्युडिसियल रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

### रोजगार पंजीयन के लिए आधार नंबर होगा अनिवार्य

बालोद। भविष्य में रोजगार पंजीयन, नवीनीकरण एवं अपडेशन हेतु आधार कार्ड अनिवार्य होने वाला है। उपसंचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद ने पूर्व में पंजीयन करा चुके एवं रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने के इच्छुक सभी आवेदकों को अपने आधार कार्ड के नंबर की प्रविष्टि पंजीयन में अनिवार्य रूप से कराने को कहा है।

# ट्रक चालकों की हड़ताल को लेकर संशय कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ट्रक ड्राइवरों द्वारा आज बुधवार से एक बार फिर हड़ताल करने की बात सामने आ रही है। ड्राइवरों द्वारा मंगलवार से ही ट्रकों को एक स्थान में खड़ा कर काम बंद करने की जानकारी मिली है। हालांकि ड्राइवर के हड़ताल को लेकर संशय बना हुआ है।



जिले के ड्राइवरों को उनके संघ के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा हड़ताल को लेकर कोई ठोस जानकारी या आदेश अब तक प्राप्त नहीं हुआ है, जिसके कारण ड्राइवर भी असमंजस में हैं। लेकिन जिले में ड्राइवर एक बार फिर हड़ताल पर होंगे इस बात की अफवाह फैली हुई है। वहीं ट्रक परिवहन संघ भी असमंजस में हैं। आपको बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा बनाये गए नए हिट एंड रन कानून के विरोध में 1 से 3 जनवरी तक ट्रक ड्राइवरों सहित बस, पिकअप, कार सहित अन्य मालवाहक वाहनों के ड्राइवर काम बंद कर दिए थे, जिसका असर देखने को मिला था। पेट्रोल पंपों में पेट्रोल, डीजल की किल्लत से लेकर धान परिवहन नहीं होना, सब्जियों का बाजार में नहीं पहुंचना जैसे अन्य तरह की परेशानियां तीन दिनों तक झेलनी पड़ी। लिहाजा इन परेशानियों से सबक लेकर लोग असमंजस की स्थिति में हैं कि ड्राइवरों द्वारा काम बंद किया जाएगा या नहीं।

### कला व विज्ञान कॉलेज में आज जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता

गुरूर। मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर में युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन आज सुबह 11.30 से रखा गया है। नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के द्वारा जिला बालोद के लिए जिला युवा अधिकारी नितीन शर्मा ने बताया कि युवा भारत विकसित भारत 2047 की थीम पर आधारित प्रतियोगिता में प्रतिभागी की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए, प्रतिभागियों को भाषण की अवधि 7 मिनट निर्धारित है तथा प्रतिभागी अपना भाषण हिंदी अथवा अंग्रेजी में दे सकते है।

- युवा भारत-विकसित भारत 2047 की थीम पर आधारित है स्पर्धा

जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को 1 लाख रुपए, द्वितीय विजेता को 50 हजार रूपए व तृतीय स्थान पर रहने वाले दो विजेता को 25–25 हजार रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। पंजीयन आज सुबह 10 से 11 बजे तक किया जायेगा। 11.30 से भाषण प्रतियोगिता प्रारंभ की जायेगी। उक्त जानकारी संजोयक डॉ. नाजमा बेगम प्राचार्य मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय ने दी।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं लोगों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने बारी–बारी से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदकों के समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम परसतराई निवासी परसराम सिन्हा ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, बालोद विकासखण्ड के ग्राम मोहलई निवासी हीराराम ने अतिक्रमण हटाने, चौरेल निवासी दिव्यांग महिला उर्मिला बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। इसी तरह ग्राम खैरतराई निवासी रोहणी बाई ने वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बोरतरा निवासी निलेश्वरी बाई ने अपने परिवार के संयुक्त खाता से अलग कर अपना पृथक से खाता विभाजन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया।

वहीं ग्राम रेवती नवागांव के अमृत बाई, परमिला ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, यशोदा एवं पार्वती ने वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिलाने की मांग की। ग्राम खैरा के पटेल हीरामण साहू ने पटेल भवन हेतु जमीन आबंटित करने, कोमल राम ने कृषि विभाग से अपने खेत में बोर खनन हेतु अनुदान प्राप्त करने, खैरतराई निवासी पूर्णिमा साहू ने अपने गांव में सामुदायिक भवन निर्माण कराने की मांग की।

### 26 जनवरी की तैयारियों को लेकर मातहतों को सौंपी जिम्मेदारी

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 26 जनवरी को जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जिले के अधिकारी–कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। कलेक्टर चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के सभी कार्यालय प्रमुख अपने–अपने कार्यालयों में सुबह 07.30 बजे ध्वजारोहण करेंगे एवं ध्वजारोहण के पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया जाएगा। संयुक्त जिला कार्यालय में सुबह 08 बजे कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ध्वजारोहण करेंगे। इसके पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण स्व. सरयू प्रसाद स्टेडियम बालोद में मुख्य कार्यकम स्थल में अपनी उपस्थिति देंगे। स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 09 बजे ध्वजारोहरण किया जाएगा। जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी को शासन के निर्देशानुसार अपने–अपने अनुविभाग, तहसील एवं जनपद पंचायतों में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए हैं। संपूर्ण कार्यकम के नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद को बनाया गया है।

## प्रदेशभर के किसान भाजपा सरकार की इस पहल से खुश

# धान खरीदी केन्द्र का विधायक चंद्राकर ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मंगलवार को वृत्तहाकार सहकारी समिति अंडा में धान खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। जिस समय विधायक चंद्राकर पहुंचे तब बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। विधायक ने किसानों से चर्चा की और धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्थाओं की जानकारी ली।



उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में इन दिनों धान खरीदी जोरों पर है। छत्तीसगढ़ के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। प्रदेशभर के किसान भाजपा सरकार की इस पहल से खुश हैं। इस बीच विधायक ने धान खरीदी की स्थिति जानी और यहां मिलने वाले बारदानों की क्वालिटी भी देखी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। समिति संचालक किसानों को परेशान न करें और नियमानुसार और निर्धारित दर पर ही धान खरीदी की जाए। उन्होंने बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी व्यवस्था भी देखी। निरीक्षण के दौरान विधायक ललित चंद्राकर के साथ किसान मोर्चा जिला महामंत्री अजीत चंद्राकर,सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, समिति प्रबंधक राजकुमार खोब्रागडे, जंजगीरी से मुरली ठाकुर, दिनेश देशमुख, जीवनलाल, अंडा से यशवंत चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, दीनदयाल साहू, उपेंद्र, गुलशन, लुकेश्वर, नागराज, सुरेन्द्र चंद्राकर, बिरेन्द्र चंद्राकर, चिंगरी से विश्राम सिंह, मालिकराम, कृष्णा बंगाली, कवंलसिंह पटेल, शंकर पटेल, समिति कर्मचारी सहायक प्रबन्धक उपेंद्र देशमुख, गुलशन दिल्लीवार, अन्ना दिल्लीवार, नागराज भारती,चन्द्रकांत भोई, रामसाय साहू,दुर्जन तथा विनायकपुर मंगतिन बाई, उर्मिला बाई, अजय वर्मा, नंदिनी वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### सरकार ने निभाया अपना वादा

श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद अपना वादा और प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटियों को पूरा करने का काम कर रही है। किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया गया। 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का भी वादा पूरा किया है। जल्द ही महतारी वंदन योजना लागू की जाएगी, जिसमें महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 रुपए मिलेंगे। साथ ही 500 रुपए में एलपीजी भी दिया जाएगा। चर्चा के दौरान किसानों ने विधायक चंद्राकर को बताया कि केन्द्र में नए व पुराने दोनों बारदाने मिल रहे हैं। पुराने बारदाने खींचने पर नीचे फट जाते हैं। इस पर विधायक से समिति प्रबंधक को बारदानों की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मंगलवार को धान खरीदी केन्द्र में कुल 78 टोकन वाले किसानों का धान खरीदा गया। विधायक चंद्राकर ने इस दौरान जंजगिरी, अंडा, चिंगरी, विनायकपुर आदि जगह से आए किसानों से चर्चा की।

### किसानों से अब तक खरीदा गया 5 लाख मीट्रिक टन धान

बालोद। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 1 लाख 49 हजार 166 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 1 लाख 13 हजार 386 किसानों द्वारा कुल 5 लाख 12 हजार 793 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 1123 करोड़ 08 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 4 लाख 38 हजार 979 मीट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 3 लाख 09 हजार 491 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 2 लाख 3 हजार 302 मीट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 5291 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 21 हजार 382 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप




### प्रोजेक्ट की लागत रुपयों में नहीं लाख रुपए में बताएं- रेरा

**रायपुर।** रियल एस्टेट रेग्युलारिटी अथारिटी (रेरा) ने एक आदेश जारी कर कहा है कि प्रमोटर्स अपने प्रोजेक्ट की लागत रुपयों में नहीं, लाख रूपए में दर्शाएं। बताया गया है कि रेरा प्राधिकरण द्वारा गठित विभिन्न हितधारकों की संयुक्त समिति द्वारा प्रस्तुत सुझावों के माध्यम से प्राधिकरण के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि प्रमोमोटर्स द्वारा इंजीनियर प्रमाणपत्र (एनेक्चर-4) के दस्तावेज में प्रमाणपत्र की तालिका-एबीसी में प्रोजेक्ट की लागत को रुपये में दर्शाया जाता है, जबकि एनेक्चर-5 में सीए द्वारा जारी प्रमाणपत्र में लाख रुपये में दर्शाया जाता है। इस संबंध में समिति द्वारा प्रस्तुत सुझावों से सहमत होते हुये भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा-37 में प्रदत्त शक्तियों प्रयोग करते हुए यह निर्देश जारी किया किया गया है कि प्रमोटर्स को इंजीनियर प्रमाणपत्र (एनेक्चर-4) में भी लागत राशि को लाख रुपये में दर्शाना होगा।

### बिरगांव-उरकुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

**रायपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत नगर निगम बिरगांव क्षेत्र के उरकुरा और बिरगांव में शिविर का आयोजन किया गया। उरकुरा में सांसद सुनील सोनी और बीरगांव में महापौर नंदलाल देवांगन शामिल हुए। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के 320, प्रधानमंत्री स्वनिधि के 70, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के 357, प्रधानमंत्री उज्वला योजना के 409 आवेदन प्राप्त किए। साथ ही आधार कैंप में 125 प्रधानमंत्री आयुष्मान 194 पंजीयन कराया। इस दौरान 650 लोगों का स्वास्थ्य सिकल एवं टीबी सुगर बीपी परीक्षण किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों ने अपनी जुबानी सफलता की कहानी भी सुनाई गई।

### विकास का एकमात्र मूलमंत्र है शिक्षा

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने नागपुर स्थित ऐतिहासिक दीक्षाभूमि में जाकर संविधान के शिल्पकार बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन चरित्र पर आधारित प्रदर्शित फोटो-चित्र करीब से देखे और उनके संघर्ष को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी इस स्थल पर पहुंचे थे। स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए अधिवक्ता श्री नायक ने कहा, बाबा साहब के बताए अनुसार शिक्षा ही एकमात्र विकास का मूलमंत्र है।

### सड्डू बीएसयूपी कालोनी में पहली रजिस्ट्री

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के अंतर्गत बीएसयूपी आवासीय कॉलोनी वृन्दावन में ब्लॉक नंबर 5 के मकान नंबर 6 के रहवासी मकान मालिक पुष्पा मार्कण्डेय के नाम से पहली रजिस्ट्री दर्ज की गयी। जोन 9 के सहायक राजस्व अधिकारी विजय कुमार शर्मा ने बताया कि सड्डू बीएसयूपी कॉलोनी में पहली रजिस्ट्री दर्ज की गयी है, जो कि पुष्पा मार्कण्डेय के नाम से है।

---

**योजना : हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से की गई थी विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ**

# हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रही यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है।

- 120 हितग्राहियों को दिया गया रसोई गैस कनेक्शन

इसके अंतर्गत आज जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्र शिविरों में कुल 1847 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 120 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 106 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 143 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 143 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 72 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी–कहानी, मेरी–जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि बालोद विकासखण्ड के ग्राम अंगार, भेड़िया नवागांव और बिरेतरा तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मुड़खुसरा, कोचेरा, खेरथाबाजार और आतरगांव तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खर्रा, चिचलगोंदी और चंदनबिरही में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन किया गया। इसी प्रकार गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सरबदा, फागुनदाह और दर्रा तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भैंसबोड़, दानीटोला और गुजरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। शिविर में बालोद विकासखण्ड के ग्राम अंगारी में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 105 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 48 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत 11 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 11 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 04 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इसी तरह ग्राम भेड़िया नवागांव में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 132 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 14 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत 06 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया।








### गुरूर व किासखंड

गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सरबदा में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 95 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 02 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 12 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 10 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 15 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

---

## दो दिवसीय नशा मुक्ति कार्यक्रम संपन्न

**डौंडीलोहारा।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत श्रीनवसृजन वेलफेयर फाऊंडेशन रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा 31 दिसंबर से 1 जनवरी तक आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रांत के दुर्ग, भिलाई, रायपुर, आरंग, महासमुंद ,बस्तर संभाग, शिवरीनारायण, डोंगरगढ़, कसडोल, राजनांदगांव, कोरबा, बिलासपुर, बल्लारशाह, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश तथा स्थानीय कार्यकर्ता व शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी नवयुवक युवक युवतियां, महिला-पुरुष स्कूल कॉलेज के छात्र- छात्राएं कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। प्रथम दिन की शुरुआत प्रातः योगा क्लास से किया गया, जिसमें योग शिक्षिका श्रीमति सोनिया मानिकपुरी कसडोल शिवरीनारायण के द्वारा लिया गया जो की योगा में गोल्ड मेडलिस्ट रह चुकी है। इसके बाद कराते क्लास का आयोजन किया गया जो कि रायपुर से आई टिकेश्वरी साहू के द्वारा लिया गया, ये कराते में ब्लेकबेल्ट व थायिबॉक्सिंग में गोल्ड मेडलिस्ट रह चुकी हैं। फाउंडेशन के सदस्यों व नगर पंचायत डौंडी लोहारा की अध्यक्ष श्रीमति लोकेश्वरी गोपी साहू नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों के सहयोग से पुराने बस स्टॉप से शुरुआत कर विवेकानंद चौक होते हुए, नए बस स्टॉप में सफाई किया गया। शांतिकुंज प्रतिनिधि अलखराम साहू के द्वारा हवन-पूजन किया गया। इसके बाद विभिन्न राज्यों व जिलों से पधारे सामाजिक व प्रतिष्ठित महानुभावों द्वारा समाज सुधार व नशामुक्ति के विषय में उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष भोला प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती रोहिणी ठाकुर, महासचिव सुभाष साहू, रोशन सिन्हा, विनोद सिन्हा, रवि रघुवेंद्र नाथ मानिकपुरी व तिलका साहू, मृत्युंजय साहू, प्रणव साहू, योगेश सोनी, राखी सोनी आदि शामिल रहे।

- श्रीनवसृजन वेलफेयर फाऊंडेशन का आयोजन

## ओवरलोड ट्रैक्टर दे रहे दुर्घटनाओं को आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गन्ना से भरे ट्रैक्टरों की सड़क पर चलने के दौरान पलट जाने या अन्य तरह की सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो जाने की खबरें लगातार सामने आ रही है। उसके बाद भी लोग इन दुर्घटनाओं से सबक लेने के बजाए लापरवाही बरतने से बाज नहीं आ रहे हैं।

ट्रैक्टरों में क्षमता से अधिक गन्ने को भरकर कारखाना ले जाया जा रहा है, जबकि ओव्हरलोड होने के कारण ट्रैक्टर भी सड़क पर सीधा चलने के बजाए सांप की तरह टेढ़े मेढे चलती है, ऐसे में ट्रेक्टर पलटने या अन्य दुर्घटना होने की संभावना अक्सर बनी रहती है। इन ट्रैक्टरों मे नियमों का पालन भी नही किया जाता, बहुसंख्यक ट्रैक्टरों में रिफरेक्टर नही लगा होता, गन्न भरा होने से चालक को पीछे कुछ दिखाई नही देता, कईयों में तो पीछे की लाईट भी नही जलती। जिससे रात में दूर से ट्रैक्टर दिखाई नही देता। शक्कर कारखाना में गन्ना पेराई का कार्य शुरू होते ही हर साल गन्ने से भरे ट्रैक्टरों की दुर्घटना होती ही है और उसमें हजारों, लाखों का नुकसान भी उठाना पड़ता है, इसके साथ ही कई बार लोगों को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है।

इन सब घटनाओं के बावजूद लोग सबक लेने के बजाए घटनाओं को आमंत्रित करने इस तरह की लापरवाही बरत रहे हैं। यह तस्वीर जिला मुख्यालय की है, जहां दो अलग-अलग ट्रैक्टर गन्ना से ओव्हरलोड है। वह शहर के व्यस्तम मार्ग से होकर गुजर रहे हैं। जबकि यातायात पुलिस द्वारा शहर के भीतर भारी भरकम मालवाहक वाहनों पर सुबह से रात तक प्रतिबंध लगाया हुआ है, उसके बाद भी ये वाहन यातायात कार्यालय के सामने से गुजरते हुए आगे बढ़ रहा है।

**कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार ने की कार्रवाई**

## अवैध रेत परिवहन करते 2 हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

रेत से भरे दो हाइवा को प्रशासन की टीम ने जप्त किया है। चंदखुरी के पास धमतरी से आ रही रेत की हाईवा को रोककर अफसरो ने वैध पर्ची की जांच की तो इस दौरान वाहन चालक के पास दस्तावेज नही थे। जिसके चलते गाडी जब्त कर पुलगांव थाने के अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी व एसडीएम मुकेश रावटे के निर्देश पर दुर्ग अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध रेत परिवहन करते हुए दो हाईवा को ग्राम चंदखूरी में जब्त किया। श्री गुप्ता भ्रमण के दौरान धान खरीदी केंद्र कोलिहापुरी, चंदखूरी के निरीक्षण पर निकले थे। उक्त खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के पश्चात चंदखूरी मार्ग में दो हाईवा जिसमे रेत भरा हुआ था। जिसे रोका और दस्तावेज पेश करने कहा। ड्राइवर द्वारा रेत परिवहन संबंधी कोई दस्तावेज मौके पर पेश नही किए जाने पर उक्त दोनो रेट से भरे हाईवा को मौके पर ही जब्ती की कार्यवाही की और विस्तृत जांच होते तक थाना पुलगांव के अभिरक्षा में रखवाया गया।

## मनमर्जी से कोटवार की नियुक्ति पर भड़के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले के गुरुर ब्लॉक स्थित ग्राम सुर्रा में विरोध किए जाने के बावजूद राजेश बाण्डे को ग्राम सुर्रा के कोटवार पद पर किए गए नियुक्ति को निरस्त् किए जाने का आवेदन ग्रामीणो ने कलेक्टर को सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम सुर्रा के पूर्व कोटवार राधिका बाई बाण्डे का स्वास्थ खराब होने से इस्तीफा दिए जाने तथा उसके स्थान पर उसके पुत्र राजेश बाण्डे अथवा पुत्रवधु मांडवी बाण्डे को कोटवार नियुक्त किए जाने हेतु अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर ग्रामसभा ग्राम सुर्रा द्वारा प्रस्ताव पारित कर राजेश बाण्डे एवं उनकी पत्नी मांडवी बाण्डे तथा पूर्व कोटवार राधिका बाण्डे के किसी भी रिश्तेदार को ग्राम सुर्रा के कोटवार पद पर नियुक्ति दिए जाने में आपत्ति एवं विरोध करते हुए तहसीलदार गुरूर के समक्ष ग्रामीणों ने आपत्ती प्रस्तुत की है। तहसीलदार गुरूर द्वारा ईश्तहार प्रकाशन कराया गया जिस पर 25 व्यक्तियों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गया था। जिसके तहत ग्राम पंचायत सुर्रा से अभिमत मंगाया गया था, जिस पर ग्राम पंचायत सुर्रा द्वारा दिनेश कुमार साहू के नाम पर प्रस्ताव पारित कर अपना अभिमत प्रस्तुत किया। जिससे संतुष्ट होते हुए तहसीलदार गुरूर द्वारा 12 जून 2023 को आदेश पारित कर दिनेश कुमार साहू को ग्राम सुर्रा का अस्थाई कोटवार नियुक्त करने का आदेश प्रदान किया गया था।

उक्त आदेश के विरूद्व राजेश बाण्डे, मांडवी बाण्डे एवं बिरेन्द्र बाण्डे ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर के समक्ष अपील प्रस्तुत किया था, जहां अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर द्वारा कोटवार नियुक्ति के आदेश को निरस्त कर पुनः कोटवार नियुक्ति बाबत कार्यवाही निर्देशित किया गया था, जिस पर तहसीलदार गुरूर द्वारा ग्राम पंचायत सुर्रा से बिना कोई अभिमत लिए तथा जानकारी दिए बगैर 9 नवंबर 2023 को पूर्व कोटवार राधिका बाण्डे के पुत्र राजेश बाण्डे को ग्राम सुर्रा का अस्थाई कोटवार नियुक्त कर दिया गया।

## योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम चिचलगोंदी और चंदनबिहरी पहुंची रथ का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों के भीतर देश में जो परिवर्तन आया है। उससे दुनिया में भारत का जो सम्मान बढ़ा है, वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए विकास योजनाओं के चलते ही संभव हो सका है।

इसका उद्देश्य है कि कोई भी लाभार्थी छूट न जाए, जिसको हमने लाभ पहुंचाया है। इसीलिए सरकार लाभार्थी के गांव, पंचायत, निगम और वार्ड तक पहुंच रही है। लाभार्थियों को बताया जा रहा है कि यह सुविधा केवल आपके लिए हैं, इसका आप पूरा लाभ उठाएं।

### विकसित भारत की ओर हमें चलना है

पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री का नजरिया बड़ा स्पष्ट है कि अगर विकसित भारत की ओर हमें चलना है तो हमारा गांव आबाद होना चाहिए, विकसित होने चाहिए। हमारे प्रदेश में कोई गरीब नहीं रहना चाहिए, हमारे देश प्रदेश में युवा अग्रसर हो आगे बढ़े इसकी हमें चिंता करनी चाहिए। हमारे देश में महिलाओं का सशक्तिकरण हो इसकी चिंता करनी चाहिए। हमारे देश में किसान तीव्र गति से आगे बढ़े इसीलिए यह सारी योजनाएं गांव के वंचित भाई-बहन, युवा किसान, कोई भी व्यक्ति छूट न जाए इसलिए यह यात्रा महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रणेश जैन, पंकज चौधरी, संजय साहू, संतोष तारम, छबिलाल कोराम व ग्रामीण उपस्थित थे।

---

**विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ जामगांव, बेलहरी, भनसुली, धमना, बोनवाय पहुंची**

# कृषकों ने पहली बार देखा ड्रोन से यूरिया का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

विकसित भारत संकल्प यात्र रथ सोमवार को जामगाव आर, बेलहरी, भनसूली, धमना, बोरवाय पहुंची। सेजस स्कूल जामगांव आर स्कूल के बच्चो ने इस अवसर पर भारत माता को समर्पित नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।

संकल्प यात्रा में बीईओ टीआर जगदाले, प्राचार्य राजेश पिल्लई, सरपंच राजकुमार ठाकुर, सचिव नरेश महतो द्वारा सुव्यवस्था मार्गदर्शन मिलता रहा। मंच पर नगर भाजपा पूर्व अध्यक्ष द्वय कामता प्रसाद साहू, नरेश केला, भाजपा मंडल महिला अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, सांसद प्रतिनिधि मेघनाथ सागरवंशी, अंगेशवर साहू, युवा भाजपा नेता मुकेश साहू, शैलेंद्र साहू, पूर्व सरपंच कन्हैया लाल साहू, राधेश्याम राठी डीडी मानिकपुरी, मनीष जैन, मत्स्य अधिकारी ए के कनेरिया, शेरसिंग सेन आदि मंचासिन रहे।

### कृषि विभाग ने ड्रोन से यूरिया छिड़काव का डेमो दिखाया

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मनीष साहू, योगेश वर्मा, अक्षय कश्यप ने बताया कि किसान नई तकनीकों का खेती किसानी में लाभ लेने का हर संभव प्रयास करे। इन दिनों कृषि विभाग गांवो में ड्रोन के माध्यम नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का छिड़काव का डेमो दिखा रहे है। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन किराए पर उपलब्ध होता है, ड्रोन से छिड़काव करने से खाद का मिसयूज रोका जा सकता है। समय का अपव्यव्य रोका जा सकता है। जैविक खेती पर भी विभाग प्रभावी प्रेरणा किसानों को दे रहे है। संकल्प यात्रा में स्वास्थ विभाग टीम डा. सीबी, एस बंजारे, आर एस ठाकुर, बीएल वर्मा, चित्रेखा देवांगन, शकुन ठाकुर, संदीप चंद्राकर, नीलकमल साहू, मिथलेश साहू, राधिका देवांगन, सतरूपा साहू, हेमलता वर्मा, सावित्री अग्रवाल, नीरज टंडन, महिला बाल विकास टीम ममता सिंह, गुनिता ठाकुर, पूजा गोस्वामी, फगनी निर्मल, मोहनी मस्के, दीपिका मालेकर, पंचायत विभाग रोजगार सहायक सहित सभी विभागों की कर्मियों का सक्रिय योगदान रहा।




### आमजन योजनाओं का लाभ लेने सजग रहें

संकल्प यात्र शिविर में मंच पर आसीन भाजपा के स्थापना अवधि नेता नगर भाजपा पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू एवं पूर्व नगर भाजपा अध्यक्ष नरेश केला ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी शासन की योजनाओं को सरलतम ढंग से आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प लें और आम जनता शासन के हर योजना का लाभ लेने सजग रहने का संकल्प ले जाए। भारत को विकसित होने में अमिट योगदान होगा। ग्रामपंचायत शासन की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में जीवंत भूमिका निभाएं निश्चित ही सबका साथ सबका विश्वास कामयाब इतिहास लिखेगी। मंचासीन अन्य लोगो ने भी अपने विचार रखे।

## नेवारीकला में 12 को मड़ई 13 से संगीतमय रामधुनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम नेवारीकला में 12 जनवरी को मेला मंडई का आयोजन किया गया है, जिसके बाद 13 जनवरी को एक दिवसीय कबड्डी व चौसर प्रतियोगिता व 13 जनवरी से दो दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम मे किया गया है।

13 जनवरी को नव ज्योति क्लब नवयुवक मंडल कबड्डी दल द्वारा एक दिवसीय कबड्डी व चौसर प्रतियोगिता का आयोजन बाजार चौक में किया गया है, जिसमें कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, वहीं चौसर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये रखा गया है। समिति के टोमेश सोनकर, लोकेन्द्र साहू, डोमेन्द्र तुमरेकी, दीपक कुमार, लावेन्द्र साहू, रूपेश ठाकुर के साथ ग्रामीणों का सहयोग रहेगा। वहीं 13 जनवरी से ही ग्राम में दो दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन सोनकर पारा में किया गया है, जिसका समापन 14 जनवरी को होगा। जिसमे संगीतमय झांकी में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये रखा गया है। वही संगीतमय कथा में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये रखा गया है। आयोजक समिति में अध्यक्ष कैलाश सोनकर, उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर सोनकर, सचिव मुकेश सोनकर, कोषाध्यक्ष टेमेन्द्र सोनकर, संयोजक सूर्यदत्त सोनकर, खेवन, महेश सोनकर, संरक्षक नेमलाल सोनकर, हेमंत सोनकर, महेन्द्र सोनकर, व्यवस्थापक चन्द्रबली, उमेश्वर, सुनील, यशवंत सोनकर तथा ग्रामीणों का सहयोग रहेगा।

## खबर संक्षेप

### प्रेम प्रसंग के चलते मनीष की हत्या

**भिलाई।** पीपी यार्ड कालोनी चरोदा स्थित नर्सरी के गटर में मिले शव का शिनाख्त होने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। जीआरपी चरोदा ने आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 202 के तहत जुर्म दर्ज किया है। चरोदा बस्ती निवासी शर्मा होटल चलाने वाले मनीष शर्मा की हत्या कर शव को गटर में फेकने वाले मामले में चार युवकों के शामिल होने का संदेह जताया जा रहा है। जीआरपी हर एंगल को गंभीरता से जांच में जुटी हुई है। हत्या करने वाले आरोपियों के करीब पुलिस पहुच चुकी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मनीष शर्मा युवती से लव करता था। उसके परिजनों को दोनों के प्यार की जानकारी लग गई थी। इसे लेकर परिवार में विवाद भी हुआ था। उक्त परिवार मनीष को पसंद नहीं करता था। इसे लेकर जीआरपी जांच में जुटी हुई है। पुलिस आरोपियों के करीब भी पहुच चुकी है। जिसका खुलासा एक दो दिन में किया जा सकता है। टीआई आरके बोर्झा ने बताया कि हर एंगल में जांच किया जा रहा है। सफलता जल्द मिलेगी।

### बैडमिंटन चैंपियनशिप में बीएसपी उपविजेता

**भिलाई।** बोकारो में खेली जा रही है सेल बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में भिलाई स्टील प्लांट की बैडमिंटन टीम को उप विजेता का खिताब प्राप्त हुआ। सोमवार को खेलें गए फाइनल मुकाबले में बोकारो स्टील प्लांट ने भिलाई स्टील प्लांट को 2-1 से हराकार ख़िताब पर कब्ज़ा बरकरार रखा। बीएसपी की टीम में वेद प्रकाश तिवारी, कपिल नायडू, विजय भानु, प्रवीण उपाध्याय कोच, मो.सलीम कुरेशी मैनेजर शामिल थे।

### ठगी करने वाला 3 साल बाद पकड़ाया

**भिलाई।** बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने तीन साल बाद गिरफ्तार किया है। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र का है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि घोरमारा थाना मोहनपुर जिला देवघर झारखंड निवासी प्रशांत मंडल बैंक अधिकारी बनकर चौहान टाउन निवासी सईद ख्वाजा के मोबाइल पर वर्ष 2020 में कॉल किया था। पीड़ित का नेहरु नगर में एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक का खाता है।

## निधन

### बुधिया बाई



**अंडा।** ग्राम वृन्दावन चीचा (भिलाई) निवासी बुधिया बाई यादव 85 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे नरेश, खिलेन्द्र, मनीष यादव की माता थी। उसका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

**प्रवचन :** गो वंश का वर्धन करना ही गोवर्धन लीला का सार भाव : महाराज

# देश में गौहत्या भारत की माटी पर कलंक : निरंजन महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा





आज के परिवेश में हर कोई दूसरे को सुधारने के लिए आगे रहता है, लेकिन अपने आप को नही सुधारता। जिस दिन व्यक्ति अपने आप को सुधार ले तो समूचे राष्ट्र में हो रहे आपराधिक कार्यों पर अंकुश लग जायेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने से मानव जीवन का सौंदर्यीकरण हो जाएगा। मन को निर्मल करें तन अपने आप ही निर्मल हो जाएगा, मानसिकता को परिवर्तित करना होगा तभी जीवन सुदृढ रूप से चल सकती है।

उक्त संदेश ग्राम मोहदींपाट बाबा धाम में देवांगन परिवार के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में देते हुए संत श्री निरंजन महाराज ने कही। वृंदावन लीला, रास लीला, कंसवध, रूखमणी विवाह की कथा की आध्यात्मिक विवेचन करते हुए ने आगे कहा जीवन का सुख-दुख दोनों झूठा है। सुख-दुख धूप और छांव की भांति हैं जो पल भर में परिवर्तित होते रहती है इसलिए दोनों से ऊपर उठकर सब कुछ परमात्मा के हाथों सौप दें। भारत देश के अंदर गौ वध किया जा रहा है जो कि भारत मां की माटी पर कलंक साबित हो रहा है। एक मां के ऊपर रहकर एक मां का वध करना बहुत ही अशोभनीय है। गौ समूचे राष्ट्र की माता है, गौ माता का पालन हो वध नही। भगवान ने भी गौपालन कर गोपाल कहलाये। हर घर में एक गौ माता का पालन हो। गौ माता के अंदर तैतीस कोटि देवी देवताओं का वास होता है, गौ माता की सेवा करने से तैतीस कोटि देवी देवता प्रसन्न होते है। गो वंश का वर्धन करना ही गोवर्धन लीला का सार भाव है ।

## राजा परीक्षित जन्म व सुखदेव कथा सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर



**देवरीबंगला।** व्यापारी संघ द्वारा आयोजित भागवत कथा महापुराण के दूसरे दिन सुबह मंगला आरती के पश्चात दोपहर परीक्षित जन्म व वराह अवतार की कथा भगवताचार्य पं. तोरण शर्मा ने सुनाई। उन्होंने बताया कि परीक्षित के जन्म की कथा महाभारत के युद्ध के समय की है। जब द्रौपदी को इस बात की जानकारी मिली कि अश्वत्थामा ने उसके पांचों बेटों की हत्या कर दी है तो उसने अनशन करने की ठान ली। द्रौपदी ने प्रण लिया कि वह अपना अनशन तभी तोड़ेगी जब तक कि अश्वत्थामा के सिर पर लगी मणि उसे नहीं मिल जाती। इस पर अर्जुन अश्वत्थामा से युद्ध करने निकल गए।

दोनों के बीच भयंकर युद्ध शुरू हो गया। अर्जुन को मारने के लिए अश्वत्थामा ने अपना ब्रह्मास्त्र निकाला। यह देख अर्जुन ने भी अपना बचाव करने के लिए ब्रह्मास्त्र प्रकट किया। इस पर नारद मुनी और ऋषि व्यास ने दोनों को ब्रह्मास्त्र का इस्तेमाल करने से मना किया। इसके बाद अर्जुन ने अपना ब्रह्मास्त्र वापस कर लिया, लेकिन अश्वत्थामा ने ऐसा नहीं किया। इसके बाद अर्जुन ने अश्वत्थामा को रस्सी में बांधा और द्रौपदी के पास ले आया। अश्वत्थामा की हालत देखकर द्रौपदी को दया आ गई और उसने अर्जुन से उसे छोड़ने की अपील की। मगर भगवान कृष्ण ने ऐसा नहीं होने दिया और उन्होंने अर्जुन को आदेश दिया कि उसके सिर से मणि निकाल ले और द्रौपदी को दे दे। इस तरह कलयुक के प्रवेश के पश्चात जब राजा परीक्षित को शिकार के समय कलयुक के मस्तिष्क में विराने से मति भ्रमित हुआ और ध्यान में बैठे साधु पर मृत सर्प को उसके गले में लपेटने के कारण ऋषि श्रृंगी के द्वारा उन्हे श्राप मिला कि सात दिवस के अंदर तक्षक नाग के काटने से तुम्हारी मृत्यु होगी तब मोक्ष की प्राप्ती व पश्चाताप के लिए उन्हे सलाह दी गई की व सुकदेव जी महाराज मिले तब से सुकदेव जी महाराज ने भागवत कथा का प्रथम वाचन किया और राजा परीक्षित ने कथा का श्रवण किया। उन्होन भगवान विष्णु के वराह अवतार की कथा भी सुनाई।

## अरमरीकला में निकली अक्षत कलशयात्रा



**गुरूर।** ग्राम अरमरीकला में धूमधाम के साथ ग्रामीणों द्वारा अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के द्वारा गृह संपर्क अभियान की शुरुवात खंड गुरुर से की गई। यह कलशयात्रा ग्राम के प्रमुख देवी-देवताओं के मंदिर से होते हुए पूरे ग्राम में भ्रमण किया। ग्रामीणों में राम के प्रति समर्पण की भावना व्यक्त करते हुए उत्साह पूर्वक सम्मिलित हुए, आने वाले दिनों में प्रत्येक घर आमंत्रण पत्र, राम मंदिर के छायाचित्र के साथ अक्षत का वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नरेश साहू, ग्राम पुरोहित सौरभ शर्मा, गंगधार, टेकराम पटेल, संतराम ठाकुर, प्रभुसाहू, घनेन्द्र साहू, भागीराम साहू, ढालसिंग, तीर्थतनु, चोवा राम सहित बडी संख्या में ग्राम की मातृशक्ति उपस्थित रहीं। उक्त जानकारी गृह सम्पर्क अभियान प्रमुख जागृत साहू ने दिया।

## खरथुली में हुआ पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में युगदृष्टा तपोनिष्ठ गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता जी भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में मानस नगर खरथुली जिला बालोद में मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण हेतु नारी सशक्तिकरण वर्ष 2023-24 अंतर्गत पांच कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिवस भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात शांतिकुंज प्रतिनिधि प्रज्ञा पुत्रों द्वारा देवस्थापना,संगीत प्रवचन दिया गया।

## छात्र- छात्राओं को कराया गया शैक्षिक भ्रमण...




**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल के कक्षा पहली से पांचवीं तक के छात्र- छात्राओं को प्राकृतिक रूप से रूबरू करवाने हेतु बालोद वन परिक्षेत्र पर्यावरण पार्क में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें अनेक वनस्पतियों के नाम तथा उनके उपयोग के बारे में बहुत ही विस्तार से वहां के अधिकारियों द्वारा बताया गया। पर्यावरण पार्क में बच्चों को घूमने के लिए वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमती हेमलता उइके एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं डौंडीलोहारा के परिक्षेत्र अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। लगभग 300 छात्र- छात्राओं ने शनिवार होने के कारण गतिविधियों में शामिल हुए।

## बड़गाव में 6 कुण्डी गायत्री महायज्ञ का आयोजन





**बालोद।** ग्राम खरथूली बड़गाव में 6 कुण्डी गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें ग्रामीणों के साथ गायत्री परिवार ने गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली। जिसमें 11 जनवरी तक प्रज्ञा पुराण होगा और यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। जिसमें लोहारा प्रज्ञा पुत्र भोला राम साहू की टीम और पिस्दा, आरपी यादव, निर्देश सोनबोईर, राणा, अमृत सोनी के साथ ग्रामीणों का सहयोग रहेगा।

# 'मेरी-कहानी, मेरी-जुबानी' में हितग्राहियों ने दी विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में लोगों को जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है।

■ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 92 लोगों का पंजीयन

इसके अंतर्गत जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 1266 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 154 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 55 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 92 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 84 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 48 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी–कहानी, मेरी–जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि बालोद विकासखण्ड के ग्राम लोंडी, पोंडी और बोड़की तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भीमकन्हार, हथौद, अछोली और आसरा तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सनौद, ईरागुड़ा और चारभंठा में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन किया गया। इसी प्रकार गुरूर विकासखण्ड के ग्राम खर्रा, उसरवारा और आनंदपुर तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम बोरगांव और चिखली में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजना के अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था।

जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयॉ भी वितरित की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन भरने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई।





### आयुष्मान कार्ड का किया वितरण

शिविर में बालोद विकासखण्ड के ग्राम लोंडी में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 290 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 7 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 12 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 09 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को पूरी लगन एवं तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा है। जिससे की आम जनता को शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। श्री चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में विभिन्न योजनाओं की क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल योजना के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जिले में हर घर नल योजना के कार्यों को शीघ्र पूरा कराने हेतु विभागीय अमले को तत्परता के साथ कार्य कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित कर इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश देने को कहा। बैठक में चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में आयोजित की जाने वाली शिविरों में अधिक से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर समुचित दवाई वितरण कराने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने इन शिविरों में सिकलसेल, एनीमिया आदि की भी जाँच कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक से विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के पंजीयन कार्य के संबंध में भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने शिविरों में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा 'मेरी कहानी– मेरी जुबानी' की नियमित प्रस्तुति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने इसका नियमित रूप से प्रस्तुति सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित शिविरों में शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने कहा कि नवाचार के माध्यम से आम जनता के हित में कार्य करने में असंभव कुछ भी नही है।

### नवाचार के संबंध में एसडीएम से ली जानकारी

बैठक में श्री चंद्रवाल ने एसडीएम गुण्डरदेही मनोज मरकाम से अभिलेख दुरुस्तीकरण के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए इसका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के आधार पर जिले के अधिकारियों के द्वारा शासकीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं आम लोगों के बेहतरी के लिए नवाचार करने हेतु उनके द्वारा बनाई गई योजना की भी जानकारी ली। कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डौण्डी डी.डी. मण्डले, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने स्वयं द्वारा निर्धारित किए गए योजना के संबंध में जानकारी दी।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### हड़गहन अर्जुन्दा में मड़ई मेला 12 को

**बालोद।** ग्राम हड़गहन अर्जुन्दा में मड़ई मेला 12 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। ग्रामीण झमेन्द्र बढ़ाई ने बताया कि रात में लोगों के मनोरंजन के लिए जीवन ज्योति छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### मोबाइल लूटने वाले दो अपचारी गिरफ्तार

**भिलाई।** मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो अपचारी बालकों को पुलिस ने पकड़ा है। बालको के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि दुर्गा मंदिर खुर्सीपार जोन 3 निवासी दीपक देवांगन ने पुलिस में शिकायत किया कि अपने घर सायकल से आ रहा था। तभी नंदिनी रोड के पास बाइक सवार दो युवकों ने मोबाइल फोन को लूटकर फरार हो गए। पुलिस घटनास्थल के आसपास सीसी कैमरे का फुटेज को चेक करने पर पता चला कि अपचारी बालकों द्वारा घटना को अंजाम दिया है। पुलिस फुटेज को आसपास खोजबीन करने पर बालक हाउसिंग बोर्ड और दूसरा कैम्प 1 के निवासी होना पताा चला। पुलिस ने दोनों को पकड़कर पूछताछ करने पर सायकल सवार से लूट करना स्वीकार किया।

### डिलवरी बॉय से लूट

**भिलाई।** डिलवरी बॉय से लूटकर कर कस्टमर का सामान लेकर फरार होने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 392, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि बजरंग नगर उतई निवासी दीपक साहू एक्सप्रेस बिस कंपनी डिलवरी बॉय का काम करता है। दीपक स्टेशन मरोदा में अधिकांश सामानों की डिलवरी करता है। रविवार को भी अपने कस्टमर का सामान छोड़ने नेवई स्टेशन मरोदा क्षेत्र में दीपक पहुचा था। डिलवरी बॉय दीपक सरकारी स्कूल गेट के पास दोपहर 2 बजे अपने कस्टमर का इंतजार कर रहा था। इस दौरान दो युवक उसके पास पहुचे और बैग से सामान लूट कर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने स्टेशन मरोदा निवासी मोहन सेट्टी उर्प मोगन और राहुल बावरी उर्फ दिनेश कुमार को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### गांजा तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम सोरम थाना पाटन निवासी लवकुश वर्मा अपने मकान में लंबे समय से गांजा बेच रहा था। पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार किया है। युवक के पास से पुलिस ने 2 किलो 297 ग्राम गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई है।

### शव की शिनाख्त नहीं आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** रसमड़ा स्थित मंदिर परिसर में हत्या कर लाश को जलाने के मामले में पुलिस ने पांच माह बाद भी शव का शिनाख्त नहीं कर पाई है। लेकिन आरोपी तक पुलिस पहुंच गई। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि रसमड़ा स्थित सतबहनिया मंदिर परिसर में 30-40 वर्ष के युवक का शव त्रिशुल से वार कर अधजली लाश पड़ी मिली थी। सूचना पर अंजोरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव का शिनाख्त करने जुटी रही मगर शिनाख्त नहीं हो पाई। फिर पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले आरोपी की तलाश में पांच माह से जुटी रही। सूचना मिली की उक्त मंदिर में वार्ड 18 शक्ति नगर दुर्ग निवासी राम चरण चंद्राकर रहता था लेकिन हत्या के बाद से फरार होने की जानकारी पुलिस को मिली। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी राम चरण चंद्राकर अपने घर आया था लेकिन ताला बंद होने पर वापस लौट रहा था पुलिस ने ग्रीन चौक के पास घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। आरोपी राम चरण से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि मंदिक परिसर में हत्या करना स्वीकार किया। इस दौरान अंजोरा पुलिस चौकी प्रभारी राम नारायण सिंह ध्रुव की टीम ने आरोपी की पतासाजी में जुटी रही।







**परेशानी : नेवारीकला के हजारों ग्रामीण वर्षों से कर रहे पुल बनाने की मांग**

# पुल के अभाव में ग्रामीण जान जोखिम में डालकर रोज पार करते हैं तांदुला नदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणों को तांदुला नदी पर बनने वाले पुल के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि पुल के लिए बजट में राशि स्वीकृत न होने के साथ स्टीमेट न बनने की बात सामने आ रही है।

- पुल न होने व बाढ़ की स्थिति में 14 किमी घूमना पड़ता है ग्रामीणों को

ग्राम नेवारीकला में 7 हजार से ज्यादा की जनसंख्या निवास करती है। जहां पिछले 40 साल से तांदुला नदी पर पुल बनाने की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। ग्राम में मिट्टी से बर्तन बनाने वाले कुम्हार, सब्जी व्यापारी, दूध व्यापारी, व्यवसायी, मजदूर, विद्यार्थियों की बड़ी संख्या जिला मुख्यालय पर निर्भर है। जो हर मौसम जिला मुख्यालय आते-जाते रहते हैं। ऐसे में बरसात के दिनों में जब तांदुला नदी में बाढ़ आता है तो इन ग्रामीणों को 7 किलोमीटर की जगह 14 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। जिसको लेकर ग्रामीण सालों से आवाज उठा रहे हैं कि गांव में पुल बन जाने पर सिर्फ ग्राम नेवारीकला के लोगों को ही सुविधा नही होगी बल्कि दुर्ग से जिला मुख्यालय आने वालों को भी सुविधा होगी।



हर साल ग्राम पंचायत द्वारा नदी में रपटा निर्माण किया जाता है, जिसके माध्यम से ग्रामीण आना जाना करते है। लेकिन बरसात में तांदुला नदी में बाढ़ आ जाने के बाद यह रपटा बह जाता है। जिससे दोपहिया वाहन के साथ अन्य वाहन तो बंद रहते है और सिर्फ गर्मी में ही नदी में रपटा बन जाने पर आना जाना करते है। लेकिन सायकल वाले जान जोखिम में डालकर बाढ़ के साथ नदी में पानी होने पर भी साल भर आना जाना करते है। जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पुल या रपटा निर्माण के लिए अभी तक बजट में राशि स्वीकृत नही हुई है, हालांकि स्टीमेट बनाकर भेजा गया है, राशि स्वीकृत होने का इंतजार है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगाए गए स्टॉल को लोगों ने सराहा



**डौंडीलोहारा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन विगत दिनों नगर पंचायत कार्यालय के समीप संपन्न हुआ। जिसमें एकीकृत बाल विकास परियोजना द्वारा स्टाल लगाया गया था। जिसमें पौष्टिक आहार की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसकी अतिथियों ने सराहना की। महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन के निर्देशानुसार और प्रभारी परियोजना अधिकारी सीपी शर्मा के मार्गदर्शन मे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

- पूर्व विधायक भानुप्रतापपुर की उपस्थिति में 8 बच्चों का अन्नप्राशन

जिसमें एसडीएम प्रतिमा ठाकरे द्वारा स्टाल का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजराज नाग पूर्व विधायक भानुप्रतापपुर की उपस्थिति में 8 बच्चो का अन्नप्राशन, 5 महिलाओं की गोदभाराई, 8 बच्चों को स्वस्थ्य बालक /बालिका स्पर्धा का प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके साथ ही कुपोषित, संकटग्रस्त बच्चों को सुपोषण किट वितरण, 5 सामान्य बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु स्वच्छता किट वितरण किया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी नोनी योजना मे हितग्राही द्वारा लाभ मिलने का कहानी सुनाया गया। नोनी सुरक्षा योजना में मेरी कहानी मेरी जुबानी श्रीमती राजकुमारी प्रजापति द्वारा प्रस्तुत किया गया। सुपोषण किट के लिए खुशमिता आर्य, रिद्धि यादव, लोकांच्या, वीणा एवं कान्हा और सुपोषण किट के लिए सोहिल यादव, उदय पटेल, कान्हा कोसमा, हिमांशु निषाद, लवयांश यादव एवं गोद भराई के लिए बसंती, खेमलता, निर्मला सिंहा, नेहा, ठगेश्वरी यादव और अन्नप्राशन में निहाल, युवांस, यामिनी, भाविका, दीक्षा, इशिका, सार्थक, मानवी, जयशु और सुपोषित बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया। पेमेश्वरी साहू, नगमा सिद्दीकी, धनेश्वरी, सरिता यादव, रत्ना, हिना ,अनीता आदि आयोजन में विभाग से सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती ज्योत्सना त्रिपाठी और नगर पंचायत की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भी उपस्थित रहीं।

**बच्चों में पढ़ने, लिखने व रचनात्मकता को बारीकी से परखा**

## मुंबई की टीम ने कापसी स्कूल पहुंचकर जांची राज्य स्तरीय एफएलएन योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत प्राथमिक शालाओं के बच्चो को शिक्षा में भाषा, गणित, एवं डिकोडिंग करने की क्षमता विकास करने के लिए निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता विकास अभियान के परिणाम धरातल पर कितना प्रभावकारी हुआ है।

इसे जांच करने के लिए एच टी पारिख डोनर संस्था से उज्जवल बनर्जी, राज्य प्रबंधक एफएल न छत्तीसगढ़ मंजू गर्ग, सुनील बागवान स्टेट एफएलएन ने प्राथमिक शाला कापसी के बच्चों के साथ बैठकर कक्षा गतिविधि, शिक्षक अध्यापन एवं अभ्यास पुस्तिका के कार्यो का अवलोकन किया। शिक्षक नील कमल ठाकुर के द्वारा अध्यापन की जा रही कक्षा में छात्रों में आए परिवर्तन को बारीकी से जांच किया। भाषा की कक्षा में शिक्षक द्वारा स्थानीय बोली को प्रयोग कर पाठ को सुगम और रुचिकर बनाकर पढ़ाया जा रहा था। कक्षा तीसरी के बच्चों से भाषायी दक्षता के स्तर लेखन की जांच की गई टीम ने अपने हाथों में लिखवाकर ली। टीम ने साक्षरता सामग्री के उपयोग भाषा की कक्षा और गणित की कक्षा में संख्यात्मक सामग्री के उपयोग को परखा । वर्कशीट, वार्तालाप चार्ट, ग्रिडचार्ट स्वर प्रतीकों के साथ और स्वर चिह्नों के बिना, पत्र कार्ड, वाक्य कार्ड, शब्द कार्ड, किताबें, चित्र कहानियां, कविता चित्र, किताबें पढने की योग्यता को देखा।



टीम ने शाला के प्रधान पाठक से विद्यालय की गतिविधियों एवं शिक्षक प्रशिक्षण के विषय में फीडबैक लिया। विद्यालय व बच्चों को सीखने-सिखाने के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए प्रसंशा की गई। स्कूल अवलोकन के दौरान एफएलएन विकासखंड समन्वयक नेमु साहू, संकुल समन्वयक लिलेश्वर कुर्रे, प्रधान पाठक अमित कुमार सिन्हा, शिक्षक शांताराम अटल उपस्थित थे।

## घायल घोड़े की युवा कर रहे देखभाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम नेवारीकला के बाजार चौक के युवाओं ने अपने मालिक से बिछड़ कर घूमते हुए तांदुला नदी में पहुंचे घोड़े को पकड़ कर पिछले पांच दिनों से उसकी देखभाल कर रहे हैं।

- सोशल मीडिया से मालिक की कर रहे तलाश
- तांदुला नदी में लावारिश व जख्मी हालत में मिला था घोड़ा



युवाओं ने बताया कि 4 तारीख को सुबह जब वे नदी में नहाने आए थे तो यह घोड़ा नदी किनारे घास खा रहा था, जिसे देखने जब युवा उसके पास गए तो घोड़े के शरीर में कई चोट के निशान दिखा। जिसके बाद युवा जब हिम्मत कर घोड़े के पास गए तो घोड़े ने युवाओं को कुछ नही किया, जिसके बाद युवाओं ने निर्णय लिया की वे इस घोड़े की देखभाल करेंगे। युवाओं की टीम ने इस घोड़े को पकड़कर नदी में ही नहलाकर उसे बाजार चौक लाया, जहां पहले तो युवाओं द्वारा इसे चारा पानी की व्यवस्था की और इसे पेड़ के छांव में रखा। पिछले कई दिनों से इसकी देखभाल की जा रही है और हर दिन इसे नहलाने के साथ पौष्टिक चारा खिलाया जा रहा है। इससे घोड़े के स्थिति में लगातार सुधार आ रहा है। वहीं युवाओं ने बताया कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से इस घोड़े के मालिक को सौंपने की मुहिम चला रहे हैं, जिनका भी यह घोड़ा है, वह ग्राम नेवारीकला के बाजार चौक में आकर इसे सहर्ष ले जा सकता है।

## जिले के कई ग्रामों में आज पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है।

इसके अंतर्गत बुधवार 10 जनवरी को बालोद विकासखण्ड के ग्राम बेलमांड में 10 बजे, उमरादाह में दोपहर 1 बजे तथा पड़कीभाट में दोपहर 3 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मुड़िया तथा भरनाभाट में सुबह 10 बजे एवं भेंडी सु और राणाखुज्जी में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम धनगांव और साजा में 10 बजे, ग्राम रूदा और तवेरा में दोपहर 01 बजे तथा ग्राम खप्परवाड़ा और तिलोदा में दोपहर 3 बजे बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इसी तरह जनपद पंचायत गुरूर के ग्राम मिरऍटोला में 10 बजे, ग्राम चिटौद में दोपहर 12.30 बजे एवं ग्राम चंदनबिहरी में दोपहर 3 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद पंचायत डौण्डी के ग्राम सुवरबोड़ में 10 बजे, गिधाली में दोपहर 12 बजे एवं धुरवाटोला में दोपहर 2.30 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## स्वयंसेवकों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प




हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

ग्राम पंचायत बोदल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अचौद के एनएसएस विग द्वारा आयोजित सात दिवसीय स्पेशल कैंप के समापन समारोह में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुए। शिविर के समापन समारोह में पहुँचे जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर एवं अन्य अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद एवं माँ सरस्वती का पूजन किया। उन्होंने एनएसएस स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में सभी विद्यार्थी अनुशासित रहेंगे एवं सेवा भाव अपनाएं। यह हमें राष्ट्रनिर्माण के कर्तव्यों का बोध कराता है, साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के महत्त्व के बारे में विस्तार से व अनुशासन के बारे में बताया। पुष्पेंद्र चंद्राकर ने स्वयंसेवकों को उनके कर्तव्यों के बारे में बताया। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा नशामुक्ति का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य टीव्ही सुब्बाराव, दीपक साहू, तीरथदेवी साहू, बलराम अँगारे, उत्तरा चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, बुधारु साहू, बिसाहू चंद्राकर, आरएस साहू, अलका साहू, ताम्रध्वज साहू शामिल हुए।

- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अचौद का एनएसएस शिविर

## आनलाइन फ्राड से बचने किया जागरूक



**जामगांव आर।** महंत पोसू दास शासकीय हाईस्कूल सुरपा में आयोजित कार्यशाला में आनलाइन फ्राड से बचने के लिए उपाय बताते हुए विद्यार्थियों सहित स्टॉफ एवं उपस्थित जनमान्य को जागरूक किया गया। प्रोजेक्ट लक्ष्मी के फाउंडर डीपीएस भिलाई के छात्र इनेश दत्त नगरिया एवं दिल्ली की सार्वि गुप्ता ने स्कूल के 112 विद्यार्थियों को फाइनेंस सेविंग के बारे में एवं फ्राड तरीके से पैसे ऐंठने के चाल से बचने के बारे में जानकारी दी। मंगलवार को इनेश और सार्वि पोसुदास महंत हाईस्कूल सुरपा पहुँचे। इस अवसर पर दुर्ग से डॉक्टर राखी, नगरिया शाला विकास समिति पूर्व अध्यक्ष प्रमोद जैन, देवानंद देवांगन, विवेक नारंग, प्राचार्य राजेन्द्र वर्मा, बघेल, शिक्षिका सरोज देवांगन, सरिता झा, चन्द्रवंसी एवं झामन निर्मल कर उपस्थित थे।

**विधायक संगीता का किया गया सम्मान**

## छत्तीसगढ़ झेरिया कोसरिया गांड़ा समाज का हुआ सम्मलेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ झेरिया कोसरिया गांड़ा समाज के सम्मलेन मे विधायक संगीता सिन्हा सम्मिलित हुई। विधायक संगीता सिन्हा को मोमेंटो प्रदान कर समाज द्वारा सम्मान किया गया।

छत्तीसगढ़ झेरिया गांडा (देवदास) समाज द्वारा मां बंजारीधाम जुगेंरा बालोद में समाज के विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन के लिए कोसरिया गंधर्व समाज द्वारा आयोजन में सहभागिता पर मां बंजारी धाम देवदास सामाजिक भवन जुगेंरा मे दोनों घटक जिला परिक्षेत्रीय, पदाधिकारियो की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।





बैठक की अध्यक्षता, अतिथि एवं विशेष अतिथि कोसरिया, देवदास संगठन के जिलाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी देवप्रसाद कुलदीप, मुकेश करैत, राजकुमार तांडव, प्रेमलाल गुवालवंशी एवं समस्त उपस्थित सदस्यों द्वारा मां सरस्वती एवं गौरी शंकर भगवान के पुजा अर्चना की गई। संयुक्त रूप से युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजन मे कोसरिया संगठन के भी सहभागिता रही। आयोजक झेरिया गांडा देवदास समाज, आयोजन समिति मे कोसरिया गंधर्व समाज से युवराज नागवंशी को आयोजन समिति मे उपाध्यक्ष बनाया गया। आगामी प्रत्येक वर्ष दोनों घटक द्वारा संयुक्त आयोजन पर सहमति बनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम में दोनों घटक द्वारा 5–5 छत्तीसगढ़ी गीत पर प्रस्तुतीकरण रिकार्डिंग डांस, राज्य गीत, स्वागत गीत शामिल किया गया था। कार्यक्रम उद्घाटन के मुख्य अतिथि विधायक बालोद संगीता सिन्हा थीं।

विधायक सरायपाली चांतुरी नंद, जुंगेरा सरपंच फलेशवरी तांडव, दोनो घटक के प्रान्तीय अध्यक्ष, सामाजिक जनप्रतिनिधि एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद कांकेर मोहन मंडावी, दोनो घटक के जिलाध्यक्ष एवं सामाजिक वरिष्ठजन उपस्थित हुए।

